DNA
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

प्रो. भरत राज सिंह बने अध्यक्ष

लखनऊ। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान प्रयागराज के पुराछात्र लखनऊ शाखा का वर्ष 2019-20 व 2020-2021 सत्र का निर्वाचन ई. एसके मित्तल वरिष्ठ अभियंता द्वारा सम्पन्न कराया गया। जिसमे पुरा छात्र कार्यकारिणी लखनऊ शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो. डॉ. भरत राज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीसी राय व डीके भंडारी, उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार श्रीवास्तव व मंजीत सिह अरोरा, महासचिव डॉ. अशोक कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव सुनीत वर्धन गुप्ता व निशांत अग्रवाल, सांस्कृतिक सचिवग अखिलेश चंद्रा व ओपी शर्मा, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडेय तथा सदस्यग डॉ. वीके सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, आरके गोयल, देश दीपक आजाद, अरविंद कुमार व अजय रस्तोगी का चयन हुआ। डॉ. भरत राज सिंह जो पूर्व कार्यकाल में भी वर्ष 2017-18 व 2018-19 सत्र में भी अध्यक्ष रहे। उन्हें सर्व सम्मति से पुरा छात्र लखनऊ शाखा का पुन: कार्य सम्पादन का दायित्व दिया गया। पूर्व कार्य काल में उनके द्वारा अधिक से अधिक बैठकों, मिलन समारोह के साथ-साथ सामाजिक कार्यो को जैसे. मूक वधिर व चैलेंज बच्चो की संस्था में कपड़े व वाशिंग मशीन डोनेट कराया, ब्लड डोनेशन कैम्प, स्वच्छता अभियान व पेड लगवाने जैसे कार्यों को लखनऊ व आस-पास के इलाकों में कराया जिससे समाज में एक जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ संस्थान की भी साख आगे बढ़ी। उन्होंने बताया आने वाले दो-वर्षो में एक नवाचार, अन्वेषण तथा इंक्यूवेशन शाखा की स्थापना का लक्ष्य रखा है जिससे मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तक्नीकी संस्थान प्रयागराज का नाम भी बढ़े तथा छात्रों को आगे बढ़ने के लिये एक अच्छा केंद्र लखनऊ में उपलब्ध हो सके।